प्रेषक: नेहा राजन,

सिविल जज (जूनियर डिविजन)/एफ.टी.सी. (महिलाओं के विरुद्ध अपराध),

जालौन स्थान उरई।

सेवा में,

महानिबन्धक,

माननीय उच्च न्यायालय,

इलाहाबाद।

द्वारा: माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय,

जालौन स्थान उरई।

विषय– संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2021, में भाग लेने की अनुमति हेतु प्रार्थना–पत्र पर आपत्ति के संदर्भ में अतिरिक्त जानकारी के संबंध में।

माननीय महोदय,

ससम्मान विनम्र निवेदन है कि प्रार्थिनी द्वारा परीक्षा अधिसूचना सं० 04/2021–सी०एस०पी के अनुक्रम में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2021, में भाग लेने की अनुमति हेतु दिनांक 24.03.2021 को प्रार्थना–पत्र प्रेषित किया गया था जिस पर प्राप्त आपत्ति के सन्दर्भ में अतिरिक्त जानकारी यह है कि उक्त परीक्षा की प्रस्तावित तिथि पूर्व में दिनांक 27.06.2021 थी किन्तु वर्तमान में उक्त परीक्षा की प्रस्तावित तिथि मुल्तवी कर दिनांक 10.10.2021 कर दी गई है तथा प्रार्थिनी द्वारा उक्त परीक्षा में माननीय उच्च न्यायालय की अनुमति की प्रत्याशा में वर्तमान तिथि तक भाग नहीं लिया गया है।

अतः माननीय महोदय से विनम्र निवेदन है कि प्रार्थिनी द्वारा प्रेषित प्रार्थना–पत्र पर प्राप्त आपत्ति के सन्दर्भ में उक्त अतिरिक्त जानकारी माननीय उच्च न्यायालय , इलाहाबाद, के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करें। माननीय महोदय की महान कृपा होगी।

सादर,

भवदीया,

दिनांक – 16.06.2021

Neha
16.06.2021

(नेहा राजन)

सिविल जज (जूनियर डिविजन)/एफ.टी.सी.

(महिलाओं के विरुद्ध अपराध),

जालौन स्थान उरई।

J.O. Code – UP3704